# रहना सदा मेरे साथ साथ में भजन लिरिक्स

रहना सदा,
मेरे साथ साथ में,
मेरे जीवन की डोर,
है तेरे हाथ में,
रहना सदां,
मेरे साथ साथ में।bd।

तर्ज – चलता रहूं तेरी ओर सांवरे।

---

किस पे करूँ भरोसा मिलते,
कदम कदम पर धोखे,
रंग बदले इस दुनिया ने,
तुम रहे हो मेरे होके,
सच्चा साथी दिखा है,
मेरे श्याम आप में,
रहना सदां,
मेरे साथ साथ में।bd।

---

क्या बोलूं दुनिया की बाबा,
अपने बदल गए हैं,
दिन बदले और मौसम बदले,
रिश्ते बदल गए हैं,
सारी दुनिया दिखी है,
मेरे श्याम आप में,
रहना सदां,
मेरे साथ साथ में।bd।

---

इस काबिल कर देना बाबा,
कभी ना हाथ फैलाऊं,
हो किसी चीज़ की इच्छा ‘उदित’ की,
तुमसे मांगने आऊं,
है कुबेर का खज़ाना,
श्री श्याम आप में,
रहना सदां,
मेरे साथ साथ में।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रहना सदा,
मेरे साथ साथ में,
मेरे जीवन की डोर,
है तेरे हाथ में,
रहना सदां,
मेरे साथ साथ में।bd।

**Singer – Mukesh Goel**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com